GREENLAWNS HIGH SCHOOL

HINDI TERMINAL EXAMINATION 2022 – 2023

CLASS : 9 A,B,C — DATE : 29-09-22

TIME : 2 ½ HOURS — MARKS : 60

SECTION A (30MARKS)

ATTEMPT ALL QUESTIONS

प्र 1)निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए : (15)

1) आज विज्ञान ने बहुत प्रगति कर ली है । आज के युग में व्यक्ति को रूढ़िवादी विचारधाराओं से हटकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए । इस विषय पर अपने विचार प्रकट कीजिए ।

2) शिक्षा के साथ - साथ शिष्टाचार भी आवश्यक है । नहीं तो शिक्षा अर्थहीन हो जाती है । शिष्टाचार की आवश्यकता व महत्त्व पर प्रकाश डालिए ।

3) 'वह दिन मैं कभी नहीं भूल सकता ' वाक्य से आरंभ करते हुए जीवन के अविस्मरणीय दिवस का वर्णन कीजिए ।

4) भारतीय संस्कृति हमारी पहचान है । यहाँ पर भिन्न - भिन्न जाति और संप्रदाय के लोग रहते है। परंतु मानवता ही हमारा परम धर्म है । अनेकता में एकता की प्रतीक भारतीय संस्कृति के विषय में एक निबंध लिखिए ।

5) नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर उसका परिचय देते हुए कोई लेख, घटना अथवा कहानी लिखिए जिसका सीधा व स्पष्ट संबंध चित्र से होना चाहिए ।

प्र 2) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए: (7)

1) आपके नगर में एक सार्वजनिक पुस्तकालय है । उस पुस्तकालय के अध्यक्ष को एक पत्र लिखकर उनसे प्रार्थना कीजिए कि वे पुस्तकालय को रविवार एवं सार्वजनिक अवकाश के दिनों में भी खोले जिनसे लोग अधिक से अधिक संख्या में पुस्तकालय का लाभ उठा सके ।

2)अपने उस मित्र को पत्र लिखकर समझाइए जो कुछ साथियों के बहकावे में आकर अपनी पढ़ाई लिखाई छोड़कर विदेश जाने के लिए अपने माता - पिता से निरंतर झगड़ता रहता है । जीवन की वास्तविकता से उसे अवगत कराइए ।

प्र 3) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए ।

(i) 'आध्यात्मिक' का विलोम शब्द बताइए : (8)

a) आर्थिक

b) भौतिक

c) नैतिक

d) वैटिक

(ii) 'उजड्ड ' का पर्यायवाची शब्द बताइए :

a) अशिष्ट

b) आशिष्ट

c) आशीशत

d) आशिक्षत

(iii) 'विद्वान' की भाववाचक संज्ञा बताइए :

a) विदुषी

b) विदूषि

c) विद्वता

d) विदवाता

(iv) ' तिरस्कार ' का विशेषण बताइए :

a) तीरसकृत

b) तेरस्कृत

c) तीरस्कृत

d) तिरस्कृत

(v) 'कमर टूटना ' मुहावरे का अर्थ बताइए :

a) कमर टूट जाना

b) बहुत बीमार होना

c) बहुत घाटा होना

d) बहुत परेशान होना

(vi) 'क्रतार्थ ' का शुद्‌ध रुप बताइए :

a) करतार्थ

b) कृतार्थ

c) क्रयतार्थ

d) कृतअर्थ

(vii) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए :

मुझे घर पहुँचाने की कृपा करें ।

(वाक्य शुद्‌ध कीजिए)

a) कृपया घर मुझे पहुँचा दे ।

b) कृपया मुझे घर पहुँचा दे ।

c) मुझे घर पहुँचा दे

d) मुझे कृपया घर पहुँचा दे ।

(viii) वह दुश्मन की सेना पर टूट पड़ा ।

('टूट पड़ा' के स्थान पर 'हमला किया' का प्रयोग कीजिए)

a) उसने हमला दुश्मन की सेना पर किया ।

b) उसने दुश्मन पर हमला किया ।

c) उसने सेना पर हमला किया ।

d) उसने दुश्मन की सेना पर हमला किया ।

SECTION B

(Attempt **Three** questions from this section)

साहित्य सागर - संक्षिप्त कहानियाँ

प्र4) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :

"यह वही रुमाल था जिसमें एक दिन पहले किसी ने हजार रुपए बाँध कर दिए थे "

(i)'यह वही रुमाल' से क्या आशय है ? रुमाल धारक का पूर्ण परिचय दीजिए । (2)

(ii) इनके पास कौन चौकीदारी का कार्य करता था? उसने किस पर कौन सा उपकार किया था? समझाकर लिखिए । (2)

(iii) हजार रुपए क्यों दिए गए थे? इस प्रकार के लेन - देन के बारे में अपने विचार व्यक्त कीजिए । (3)

(iv) 'बात अठन्नी की' कहानी के शीर्षक की सार्थकता को सिद्ध कीजिए । (3)

प्र 5) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :

वह मुँह उठाकर सेठ की ओर देखने लगा । उसकी आँखों में कृतज्ञता थी ।

i) कौन मुँह उठाकर किसे और कब देखने लगा ? समझाकर लिखिए । (2)

ii) उसकी आँखों में कृतज्ञता क्यों थी ? 'कृतज्ञता' का शाब्दिक अर्थ लिखते हुए बताइए कि यह भाव कब और क्यों आता है । (2)

iii) कृतज्ञ होने वाले जीव की किसने व कब सहायता की? उन्हें ऐसा करने पर क्या प्राप्त हुआ? (3)

iv) कहानी का मुख्य उद्देश्य अपने शब्दों में लिखिए । (3)

साहित्य सागर - पद्‌य

प्र6) निम्नलिखित पद्‌यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :

प्रभु के दिए हुए सुख इतने हैं विकीर्ण धरती पर ,
भोग सके जो उन्हें जगत में , कहाँ अभी इतने नर ,

i)उपर्युक्त पंक्तियों में किसने , किसको ,कब उपदेश दिया है ? (2)

ii) शब्दार्थ : (2)

विकीर्ण , जगत , परस्पर , संचय

iii) 'भोग सकें जो उन्हें जगत 'में से क्या तात्पर्य है कवि ने ऐसा क्यों कहा है ? (3)

iv) उपर्युक्त पंक्तियों का भाव सरल शब्दों में लिखिए? (3)

प्र7) निम्नलिखित पद्‌यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :

साँई सब संसार में , मतलब का व्यवहार ।
जब लग पैसा गाँठ में , तब लग ताको यार
तब लग ताको यार , यार संग ही संग डोले ।
पैसा रहे न पास , यार मुख ये नहीं बोले
कह 'गिरिधर कविराय' जगत यही लेख भाई ।
करत बेगरजी प्रीति, यार बिरला कोई साँई ।।

i)'मतलब का व्यवहार ' से कवि का क्या तात्पर्य है ? (2)

ii) कवि के अनुसार लोग किसे मित्र बनाना चाहते हैं और क्यों ? (2)

iii) 'जगत यहि लेखा भाई' इस पंक्ति से कवि का क्या आशय है ? समझाकर लिखिए । (3)

iv) इन पंक्तियों में निहित संदेश को अपने शब्दों में लिखिए । (3)